# बदमाशों की बढ़ रही सक्रियता

**खास बातें**
- आए दिन हो रहीं लूटपाट और मारपीट की घटनाएं
- मंडी रोड सहित शहर में चल रहीं अवैध गतिविधियां




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 6 फरवरी, बदमाशों की गतिविधियों पर कैसे लगाम लगे इस मुद्दे को लेकर सर्व दलीय बैठक रखने की दरकार, नगर में बदमाशों की गतिविधियां बरकरार हैं. इसके चलते नागरिक चिंतित हैं और परेशान भी है.रंगदारी लूटपाट राहजनी मारपीट छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार नगर में घट रही हैं.त्योंदा रोड पर आए दिन मारपीट की घटनाएं घटित होती रहती है. बदमाशों के हौसले बुलंद है बताया जाता है यह बदमाश राजनीतिक संरक्षण प्राप्त पालित पोषित युवा है जो नेताओं ने पाल रखे हैं.कुछ बदमाशों को विशेष दर्जा दे रखा है और पुलिस को भी हिदायत दे रखी है.यह हमारे खास है इनके विरुद्ध कभी कोई शिकायत आए तो प्रकरण कायम न करें.**

सारी स्थिति से हमें अवगत कराया जाता रहे यही वजह है की इन बदमाशों पर पुलिस अंकुश नहीं लग पा रही है.ऐसा नागरिक मानते हैं और जानते भी हैं, बस स्टैंड पर बदमाशों की गतिविधियां शाम होते ही शुरू हो जाती है इन्हें भी छुटभैया नेताओं का पूरा संरक्षण मिल रहा है.यह हफ्ता वसूली भी करते हैं.इन बदमाशों से कोई पंगा नहीं लेना चाहता यही वजह है कि उनकी पुलिस में शिकायत नहीं होती क्योंकि पुलिस कार्रवाई करेगी नहीं और बुराई बदमाशों से हो जाएगी.

पुराने बस स्टैंड पर चाकू बाजी भी कई बार हो चुकी है.इसके बाद भी उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई इसके पीछे हो सकता है. राजनीतिक कारण रहे हो कृषि उपज मंडी रोड पर भी इस तरह की गतिविधियां चलती रहती हैं.कई बार व्यापारियों के साथ लूटपाट हो चुकी है व्यापारियों ने कृषि उपज मंडी के बाहर पुलिस चौकी खोलने की मांग की है पिछले दिनों जब जिला पुलिस अधीक्षक का सम्मान व्यापारियों ने किया था.उसे समय भी यह मुद्दा उठा था परंतु अभी तक पुलिस चौकी नहीं खुली है.यहां आस-पास बदमाशों का स्थाई ठिकाना बना हुआ है वह रात्रि के समय मंडी में प्रवेश कर जाते हैं और चोरियां करते हैं इस तरह की शिकायत है.

### नागरिकों को करना होगा सहयोग-एसडीओपी



गंजबासौदा एसडीओपी का कहना है कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा है.पुलिस सक्रिय है जहां से भी हमें शिकायत मिलती है.पुलिस मौके पर तुरंत पहुंचती है और तहकीकात करती है अनेक लोगों को हमने गिरफ्तार किया है.नागरिकों को भी शहर की अमन शांति के लिए सहयोग करना चाहिए.

### पुलिस बल की है कमी

पुलिस के पास है पुलिस बल की कमी भी एक कारण है. यहां पुलिस अधिकारी ईमानदार और सक्रिय हैं परंतु पुलिस बल की कमी के चलते यह सब स्थितियां बनी हुई है.पुलिस अधिकारियों को जैसे ही जानकारी मिलती है वह सक्रिय हो जाते हैं और प्रयास करते हैं कि बदमाश उनकी गिरफ्त मैं आ जाएं और वह इस कार्य में सफल भी हुए हैं.परंतु इन दिनों अपराधिक गतिविधियां बहुत तेजी से बढ़ रही है इसके लिए पुलिस बल बढ़ाने की जरूरत है तभी अपराधों पर लगाम लगेगी जनप्रतिनिधि छुटभैया टपोरी किस्म के नेताओं पर लगाम लगाने पुलिस को हिदायत दें ताकि बस्ती में अमन शांति बनी रहे अपराधों में कमी आए.गंजबासौदा की अपराधिक गतिविधियां जहां से शुरू होती है.उसमें लाल पठार, काली पठार, इंदिरा कॉलोनी,रेलवे स्टेशन मालगोदाम रोड एवं रेलवे पूर्वी कॉलोनी शराब दुकान के आसपास ओवर ब्रिज यहां से सारी गतिविधियां प्रारंभ होती है. पुलिस बल बढ़ने से पूरा क्षेत्र में रात्रि के समय गस्त शुरू हो जाएगी तो निश्चित रूप से अपराधी अपराधों को अंजाम नहीं दे पाएंगे.नगर में बड़े आयोजनों में कहीं कोई अव्यवस्था दिखाई नहीं दी बहुत बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन यहां संपन्न हो चुके हैं.श्री रामलीला मेला में भी पुलिस की सराहनीय व्यवस्था रही.जिसके चलते बगैर व्यवधान के 15 दिवसीय मेला संपन्न हुआ सिटी थाना तथा देहात थाना में जो कोतवाल पदस्थ है.वह पूरी ईमानदारी से थाने का प्रभार देख रहे हैं और कानून व्यवस्था में रुचि लेते हैं जरूरत है.पुलिस बल की वृद्धि हो क्योंकि शहर की आबादी एक लाख से अधिक हो चुकी है उसे मान से वरिष्ठ अधिकारियों को पुलिस बल बढ़ा देना चाहिए.

## एनएच निर्माण में रास्ता बंद होने से ग्रामीण परेशान

**एसडीएम को सौंप रास्ता खुलवाने की मांग**





**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर 6 फरवरी, नेशनल हाईवे 146 बायपास के निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार एमकेसी द्वारा 15 फीट चौड़े पुराने कच्चे रास्ते को दीवार उठाकर बंद कर दिए जाने से चौधरी नगर, ग्राम ग्यारसपुर के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है.इस एकमात्र रास्ते के बंद होने से मोहल्लावासियों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की है.**

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि चौधरी नगर मोहल्ले में वे कई वर्षों से मकान बनाकर निवास कर रहे हैं. मोहल्ले से नेशनल हाईवे बायपास को जोड़ने वाला यह लगभग 15 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता वर्षों से उपयोग में रहा है.पूर्व में नेशनल हाईवे क्रमांक 86, 146 एवं अन्य मार्गों के निर्माण के दौरान भी यह रास्ता चालू था और सभी रहवासी इसी के माध्यम से आवागमन करते थे.वर्तमान में एनएच-146 बायपास रोड का चौड़ीकरण एवं फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है. इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड बनाया जा रहा लेकिन निर्माण एजेंसी एमकेसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सर्विस रोड के पीछे गहरी खाई खोदकर दीवार खड़ी कर दी गई, जिससे मोहल्लावासियों का एकमात्र संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है.इससे न केवल दैनिक आवागमन बल्कि आपात स्थिति में एंबुलेंस, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.ग्रामीणों ने एसडीएम से रास्ता खुलवाने का आग्रह किया, लेकिन ठेकेदार एमकेसी के अधिकारियों द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि उनकी गाइडलाइन में रास्ता खोलने का कोई विकल्प नहीं है.इससे ग्रामीणों में असंतोष और बढ़ गया है.ज्ञापन देने वालों में भारत सिंह, धन सिंह, त्रिलोक सेन महाराज सिंह लाल लोधी अखिलेश कनौजिया, परमलाल रूप रहे.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए तत्काल रास्ता खुलवाया जाये.

**एक नजर में**

### डॉ विमल मेहरा बने प्रदेश महासचिव



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में जूडा विदिशा के अध्यक्ष डॉ विमल मेहरा को प्रदेश महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया हैं. साथ ही विदिशा मेडिकल कॉलेज के डॉ आदित्य आनंद को प्रदेश सहसचिव एवं डॉ वैभव अग्रवाल को लीगल एडवाइजर बनाया गया.डॉ विमल ने बताया की जूडा मध्य प्रदेश हमेशा से ही रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगों को लेकर आंदोलन करता रहा हैं और आम जन की स्वास्थ्य सेवा के प्रति सदैव सचेत रहा है.स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और साफ़ सफाई जैसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करता रहता है.विदिशा मेडिकल कॉलेज का प्रतिनिधत्व प्रदेश स्तर पर होने से अवश्य ही विदिशा के चिकित्सक और आम जनता को इसका लाभ मिलेगा.

### जिला बदर का आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है. जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक मुन्ने खां उर्फ अख्तर अली पिता मुबारिक अली उम्र 58 साल निवासी ग्राम मलनिया थाना लटेरी जिला विदिशा के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही एक साल के लिए की गई है.उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक साल की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है.



## विधायक ने जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्या

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन के द्वारा ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में सामुदायिक भवन गुलाबगंज में जनसुनवाई का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा विधायक मुकेश टंडन को अवगत करवाया गया. ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने पेयजल समस्या को देखते हुए जल्द ही जल निगम द्वारा लाइन डाली जाए इसके सम्बन्ध में आवेदन दिया गया साथ ही गुलरखेड़ी के सीमांकन में अनुभवी टीम के द्वारा सीमांकन हो इसकी मांग विधायक से की.इसके अलावा विधायक मुकेश टंडन ने मौके पर गरीबी रेखा के आदेश हितग्राही को पत्र सौंपा.नल जल की समस्या लेकर गुलाबगंज पंचायत से भी हितग्राही पहुंचे.मौके पर चालू कराने का आदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया गया.

### किसान कल्याण पर्व का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** कृषि विभाग द्वारा किसान पर्व हेतु ग्राम महुआखेड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला में कार्यक्रम का आयोजित किया गया. जिसमे कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को दी गई. इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपनी- अपनी योजनाओं की जानकारी किसानों सहित नागरिकों को दी. इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद प्रतिनिधि ने भी परिषद द्वारा संचालित योजनाए एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां उपस्थित लोगों को बताई गई.इस कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच सचिव रोजगार सहायक पटवारी, आंगनवाड़ी सहित स्थानीय किसान उपस्थित रहे.

## रावण का हुआ वध, अहंकार हो गया चकनाचूर

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन, भैरव बाबा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेले में कुंभकरण मेघनाथ के वध के बाद अहंकारी रावण का वध हुआ.असत्य पर सत्य की अधर्म पर धर्म की अभिमान पर स्वाभिमान की अनीति पर नीति की पाप पर पुण्य की विजय हुई.रामलीला कमेटी अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रही बांके बिहारी आदर्श रामलीला मंडली वृंदावन द्वारा जीवंत प्रस्तुति से जनमानस रोमांचित हुआ लीला अनुसार रावण के महा बलशाली योद्धाओं के मारे जाने पर वह स्वयं युद्ध के लिए तत्पर होता है.**

रावण की पत्नी मंदोदरी ने माता सीता को भगवान राम को सौंपने की बात कही.अहंकार के मद में चूर रावण ने उनकी बात नहीं मानी जिसके बाद रावण राम सहित सभी रामादल योद्धाओं को ललकारता है और आक्रमण करता है इंद्र राम जी को रथ भेजते हैं युद्ध में राम के निकट खड़े विभीषण पर प्रचंड शक्ति का प्रयोग किया शक्ति को आता देख राम जी ने विभीषण को पीछे कर शक्ति का प्रहार अपने वक्ष स्थल पर लिया युद्ध के दौरान हनुमान जी के द्वारा मुष्टिका का प्रहार करने पर रावण हनुमान जी के बल की प्रशंसा करता है. दुखी होकर श्री राम पर विजय प्राप्त करने के लिए अपावन यज्ञ करता है अंगद हनुमान वानर सहित उसका यज्ञ विध्वंस करते हैं रावण छल बल से युद्ध करता है राम और रावण का घमासान युद्ध होता है राम के द्वारा बार-बार सर काटे जाने पर रावण पुन: जीवित हो जाता है तब प्रभु राम विभीषण पर एक दृष्टि डालकर पूछते हैं इसकी मृत्यु का रहस्य क्या है विभीषण के रावण की मृत्यु का रहस्य बताने पर प्रभु राम 31 बाणों का प्रहार एक बार में ही करते हैं उनका एक अग्निबाण रावण की नाभि में स्थित अमृत कुंड को अवशोषित कर लेता है और रावण धराशाही हो जाता है रामादल में खुशी की लहर दौड़ गई श्री राम लक्ष्मण को रावण की नीति की शिक्षा लेने भेजते हैं रावण लक्ष्मण को कुछ नीति की शिक्षाएं देकर अंतिम क्षणों में राम का नाम लेकर प्राण त्याग देता है उसे मुक्ति प्राप्त होती है अध्यक्ष मेला समिति ओपी श्रीवास्तव ने बतलाया अहंकार रावण जैसे को ले डूबा जो व्यक्ति कुमार्ग का आचरण करता है उसका यही हाल होता है जैसा रावण का हुआ उसके कुल का नाश एवं पतन हो गया. रामलीला देखने से तभी लाभ होगा जब हम रावण के चरित्र को नकारात्मक समझे तथा राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारे हमारे परिवार में राम राज्य होगा शांति होगी पारिवारिक वातावरण सुखद होगा प्रत्येक परीवार मे शांति होगी तब संपुरण राष्ट्र मे सत्यं शिवम् सुंदरम की स्थापना होगी सत्य शिव सुंदर ही रामराज्य है.



## संत रविदास जयंती पखवाड़े के तहत निकला चल समारोह




**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को ग्यारसपुर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया. चल समारोह का शुभारंभ छापर मोहल्ला से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रविदास धाम ग्यारसपुर तहसील प्रांगण प्रांगण पहुँचा.**

रविदास धाम में संत रविदास जी की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात आयोजित सभा में अतिथियों ने उनके जीवन, विचारों एवं सामाजिक संदेशों पर प्रकाश डाला. ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने कहा शिक्षा शेरनी का दूध है और इसे जो पियेगा बाय बाहर आएगा सुदीप रघुवंशी एवं संभागीय अध्यक्ष महाराज सिंह सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी द्वारा बताए गए सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलना आज के समय की आवश्यकता बन गया है.कार्यक्रम में नवनीत राम दिवाकर, बलराम पटवारी, गजराज सिंह खरी, मोहन सिंह (पूर्व जनपद सदस्य घटेरा), चंद्रमोहन रेतोसिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन लाल अहिरवार ने की.इस अवसर पर कीरत सिंह पोतला, शिक्षक ज्ञान सिंह, चिरंजी लाल अहिरवाश्र अहिरवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. सांस्कृतिक कार्यक्रम में राकेश भारती, शिमला देवी अहिरवार, माया भारती, दंगल सिंह मडिया हिम्मत सिंह अहिरवार प्रेम सिंह हैदरगढ़ रघुवीर सिंह काप बृजेश अहिरवार गणेशाराम अहिरवार मानोरा एवं सूरज भारती द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई.चल समारोह के दौरान संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के रथ पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.भव्य और अनुशासित चल समारोह ने नगर में सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया.

## रामलीला में श्रीराम ने किया लंकापति का अंत



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** ऐतिहासिक रामलीला में शुक्रवार को रावण दहन हुआ. जिसकी आतिशबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे रात करीब 11 बजे रावण दहन हुआ. इस वर्ष भी यह मेला मकर संक्रान्ति के पावन पर्व से प्रारम्भ हुआ. श्रीरामलीला के प्रधान संचालक पं. श्री चन्द्रकिशोर जी मिश्र शास्त्री के मार्गदर्शन अनुसार आज की लीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी हनुमानजी, वानर राज सुग्रीव, नल-भील, जामयत एवं तेजस्वी वानर सेना के साथ लंकाधिपति रावण ओर उसकी सेना पर आक्रमण किया. गौरवशाली 125 वे वर्ष के आयोजन में इस वर्ष विशेष रूप से श्रीरामलीला में इलेक्ट्रानिक फायर शो का प्रदर्शन किया गया. इस वर्ष बनाये गये लगभग 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन से पूर्व भव्य आतिशबाजी का रंगारंग मुकाबला लीला प्रांगण में हजारो दर्शकों की मौजूदगी में हुआ.भगवान श्रीराम द्वारा अग्निबाण का संधान कर रावण के पुतले का दहन किया. जिसमें नाभिचक्र चला मुहं व आँख से ज्याला निकेली.

**लापरवाही** | **करोड़ों की लागत से बने ओवरब्रिज की गुणवत्ता पर सवाल, जिम्मेदार बने अनजान**

# गुलगांव मार्ग ओवरब्रिज में गड्ढे, बाहर निकला सरिया



**नवभारत न्यूज**
**सांची,गुलगांव मार्ग पर रेलवे फाटक से निजात दिलाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित ओवरब्रिज अब स्वयं हादसों को न्योता देता नजर आ रहा है. निर्माण के महज तीनङ्कचार वर्षों के भीतर ही ओवरब्रिज की सतह जगह-जगह से उखड़ने लगी है.कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनसे लोहे का सरिया बाहर निकल आया है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है.जानकारी के अनुसार, ओवरब्रिज निर्माण से पूर्व गुलगांव मार्ग पर रेलवे फाटक होने के कारण लगभग 25 गांवों के लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता था. साथ ही उदयगिरि पर्यटक स्थल तक पहुंचने वाले देश-विदेशी पर्यटकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी. इसी समस्या के समाधान के लिए रेलवे गेट पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया, जिससे ग्रामीणों, किसानों, पर्यटकों और भारी वाहनों को बड़ी राहत मिली.**

हालांकि, ओवरब्रिज के शुरू होते ही उसकी देखरेख से संबंधित विभागों ने मानो मुंह मोड़ लिया.नतीजा यह है कि अल्प समय में ही निर्माण की घटिया गुणवत्ता उजागर होने लगी. गड्ढों के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहनों के साथ-साथ तेज रफ्तार भारी वाहनों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना हुआ है.चिंताजनक पहलू यह भी है कि ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था लगभग न के बराबर है। कुछ समय पूर्व लगाई गई सोलर लाइटें भी थोड़े ही समय में अंधेरे में डूब गईं.रात के समय अंधेरे और गड्ढों के कारण इस ओवरब्रिज से गुजरना लोगों के लिए भय का कारण बन चुका है.स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज की जर्जर हालत की जानकारी संबंधित विभागों, रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन तक जरूर पहुंची होगी, लेकिन इसके बावजूद न मरम्मत की पहल की जा रही है और न ही जिम्मेदारी तय की जा रही है.ऐसे में सवाल उठता है—क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी ?ओवरब्रिज की बदहाल स्थिति अब नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है और समय रहते सुधार नहीं हुआ तो किसी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता.

## बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के लिए किया प्रेरित

**फ्रीगंज हाई स्कूल में करियर काउंसलिंग सप्ताह का समापन**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** स्थानीय शासकीय फ्रीगंज हाई स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का विद्वान सम्मान के साथ समापन हुआ. समापन समारोह में आईटीआई गंजबासौदा में कोपा विभाग प्रमुख राजेश कुमार दांगी, गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल से प्रहलाद भावसार एवं शिक्षाविद दिनकर कद्रे की उपस्थिति में कक्षा 10 के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उच्च अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने एवं कक्षा 11 में प्रवेश लेने के लिए विषय चयन में मदद की.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरके दांगी ने बताया कि दसवीं के बाद छात्र आईटीआई संस्थान से कंप्यूटर में डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही आईटीआई में डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन जैसी कई विधाएं संचालित हैं, जिनमें प्रवेश लेकर वे अच्छा भविष्य बना सकते हैं.गर्ल्स स्कूल के व्याख्याता प्रहलाद भावसार ने बच्चों को कॉमर्स संकाय में प्रवेश लेकर अपने रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया.कोई भी शासकीय-अशासकीय संस्थान हो वहां पर कॉमर्स विभाग के व्यक्ति को रोजगार के अवसर होते हैं.

शिक्षाविद दिनकर कद्रे ने कहा कि छात्रों को सबसे पहले बोर्ड परीक्षाओं पर ध्यान रखना चाहिए.वर्तमान का परीक्षा परिणाम सही आने पर भविष्य की योजनाओं पर अपने दिमाग को फोकस करना चाहिए.आपके सामने असली चुनौती बोर्ड परीक्षाएं हैं, जिसमें अच्छे से अच्छे अंक लाकर हम सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं. संस्था प्राचार्य सुनीता पाराशर ने कहा कि बच्चों को हम बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं.परीक्षा परिणाम भी अपेक्षित रहेगा. कार्यक्रम का संचालन सुनीता दिवाकर ने किया. स्कूल के शिक्षक प्रकाश व्याग्रे ने भी विचार रखें।संस्था द्वारा विद्वानों का शाल श्रीफल से सम्मान किया. इस अवसर पर फ्रीगंज स्कूल का शिक्षक परिवार मौजूद रहा.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड आई फोन